# व्यापार और निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बना यूपी

## सीएम बोले, आजादी के अमृतकाल में यूपी सुशासन के नए सोपान की ओर अग्रसर

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बिजनेस हब और निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बन गया है। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी बहुत जल्द पांच अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट सहित कुल 21 एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बनेगा। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृतकाल में उत्तर प्रदेश सुशासन के नए सोपान की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में थल, जल और नभ के इन्फ्रास्ट्रक्चर में वृद्धि हुई है। 19 फरवरी को लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी औद्योगिक निवेश के भूमि पूजन समारोह शामिल होंगे। इसमें 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि यूपी सबसे बड़े एक्सप्रेसवे वाला प्रदेश बन रहा है। सात साल में फोर लेन की 1235 परियोजनाओं को आगे बढ़ाया है। प्रयागराज महाकुंभ से पहले सरकार का प्रयास है कि गंगा एक्सप्रेस को चालू



**कहा, बहुत जल्द 21 एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बनेगा प्रदेश**

कर दिया जाए। 2019 के कुंभ की तुलना में महाकुंभ में दोगुना श्रद्धालु आएंगे। वहां पर श्रद्धालुओं के लिए अभी से तैयारियां की जा रही हैं। 150 फ्लाइट के जरिए 75 से अधिक डेस्टिनेशन तक हवाई सेवा उपलब्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2016-17 में प्रदेश में विद्युत उत्पादन की क्षमता 5600 मेगावॉट थी जो अब बढ़कर 8688 मेगावॉट हो गई है। 2024 के अंत तक 12800 मेगावॉट हो जाएगी। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बीते 7 वर्षों में 10 गुना वृद्धि हुई है। अयोध्या और काशी सोलर सिटी के रूप में विकसित की जा रही है तो बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को सोलर एक्सप्रेस वे के रूप में तैयार किया जा रहा है।

### अपराध उन्मूलन में यूपी रोल मॉडल बना

योगी ने कहा कि कानून-व्यवस्था के लिहाज से उत्तर प्रदेश अब रोल मॉडल बन रहा है। अपराध के पैमाने पर उत्तर प्रदेश की छवि और मौजूदा छवि में जमीन-आसमान का फर्क आया है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार हत्या, लूट, छिनैती, बलात्कार सहित अन्य घटनाओं में कमी आई है। प्रदेश देशभर में अपराध उन्मूलन की दिशा में रोल मॉडल बना है।

**पर्यटन का सबसे बड़ा केंद्र बना यूपी :** सीएम ने कहा कि यूपी पर्यटन का सबसे बड़ा केंद्र बना है। पिछले साल वाराणसी में 6.30 करोड़ श्रद्धालुओं ने काशी विश्वनाथ धाम के दर्शन किए। 6.20 करोड़ श्रद्धालु मथुरा-वृंदावन आए। नैमिषधाम में 10 लाख श्रद्धालु आए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कृषि विकास की दर 2016-17 में 6.6 प्रतिशत थी जो अब बढ़कर 18.2 प्रतिशत हो गई है।

### जो असाध्य है उसे साधने चला

सीएम ने कहा कि अयोध्या के साथ अन्याय हुआ। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण ने दुर्योधन से कहा था कि दे दो केवल पांच ग्राम, रखो अपनी धरती तमाम। दुर्योधन ने श्रीकृष्ण को बंधक बनाने की कोशिश, उल्टे हरि को बांधने चला, जो था असाध्य उसे साधने चला...। यही तो हुआ था अयोध्या, मथुरा और काशी के साथ। ये तीनों विशिष्ट स्थल हैं। पहली बार देखने को मिला कि लोक आस्था के लिए भी गिड़गिड़ाना पड़ा।

### ...तो चच्चू का अपमान नहीं करते

मुख्यमंत्री ने अखिलेश पर निशान साधा। सीएम ने कहा कि प्रत्याशियों की सूची में चच्चू का नाम नहीं है। अगर प्रभु राम को मानते, रामायण से सीखते या महाभारत से ही सीखते तो चच्चू का अपमान नहीं करते। बेचारे चच्चू एक बार फिर ठगे गए। उन्होंने कहा कि जब चाचा ही आप पर आशीर्वाद नहीं बरसा रहे हैं तो औरों का आशीर्वाद क्या मिल पाएगा। सीएम ने चुटकी लेते हुए कहा कि चाचा तो आज भी साथ में हैं।

- **समाजवाद नहीं, रामराज्य की अवधारणा को स्वीकार करेगा देश :** मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की जनता राम राज्य की अवधारणा को साकार होते देख रही है। यह देश राम राज्य की अवधारणा को स्वीकार करेगा, समाजवाद को स्वीकार नहीं करेगा। राज्य आर्थिक संपन्नता, विकासोन्मुख समाज, राजनीतिक अखंडता का निर्माण ही उद्देश्य है। अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाजवाद एक मृग तृष्णा बन चुका है। जनता ने प्रजातांत्रिक समाजवाद, लोकतांत्रिक समाजवाद, चच्चू का प्रगतिशील समाजवाद भी देखा है और पारिवारिक समाजवाद को भी देखा है। हमारा रामराज्य एक सार्वकालिक, सार्वभौमिक, सार्वदेशिक और शास्वत व्यवस्था है।